दिन– सोमवार दिनांक– 09 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. बिहार विधानसभा में आज वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के बजट पर चर्चा रहेगी जारी। आज सरकार का उत्तर भी होगा।

02. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन आज पटना के बापू सभागार में पार्टी कार्यकर्ताओं को करेंगे संबोधित। कल विधानसभा की कार्यवाही में होंगे शामिल।

03. राज्य में खसरा–रूबैला रोग के उन्मूलन के लिए आज से एक सौ दस प्रखंडों में विशेष टीकाकरण अभियान की हो रही है शुरूआत।

04. और, बिहार के युवा स्टार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी विश्व की सर्वश्रेष्ठ अंडर नाइन्टीन टीम में शामिल।

**अब समाचार विस्तार से.........**

---

बिहार विधानसभा में आज वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के बजट पर चर्चा जारी रहेगी। इसके बाद सरकार का उत्तर होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के आय–व्यय से संबंधित तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी भी आज सदन में की जाएगी। वहीं, विधान परिषद में भी आज राज्य के बजट पर वाद–विवाद होगा।

---

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन आज दो दिवसीय दौरे पर पटना आ रहे हैं। प्रदेश भाजपा ने अध्यक्ष के स्वागत और सम्मान की तैयारी पूरी कर ली है। श्री नवीन आज पटना के बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। नितिन नवीन अपने विधानसभा क्षेत्र बांकीपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं और आम लोगों से मुलाकात भी करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बताया है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अपने दौरे के दौरान कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे और संगठन को मजबूत बनाने का संदेश देंगे। इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा है कि नितिन नवीन के बिहार आगमन से कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है।

———बाइट———

वहीं, श्री नवीन कल विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही में भाग लेंगे।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का दूसरा संस्करण आज प्रसारित किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह दस बजे से आकाशवाणी, दूरदर्शन और शिक्षा मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रसारित किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि इस संस्करण में कई राज्यों के परीक्षा वॉरियर्स शामिल होंगे। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

इधर, प्रदेश के सभी स्कूलों में कक्षा छह और इससे ऊपर की कक्षाओं के विद्यार्थियों को यह प्रसारण दिखाया जाएगा। परीक्षा पे चर्चा का उद्देश्य छात्रों को परीक्षा के तनाव से निपटने के लिए प्रधानमंत्री के विचार सीधे रूप से उपलब्ध कराना है।

———————————————————————————

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि केंद्रीय बजट दो हजार छब्बीस—सत्ताईस आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मजबूत और दूरदर्शी कदम है। श्री मांझी ने बोधगया में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक आर्थिक शक्ति बनाने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि गया में सत्तर करोड़ रुपये की लागत से एमएसएमई अनुभव केंद्र बनाया जाएगा। वहीं, बोधगया में विश्व स्तरीय खादी शो रूम का निर्माण किया जाएगा। साथ ही नवादा से पावापुरी तक रेलवे लाइन, महात्मा गांधी स्वरोजगार योजना के तहत पशुपालन, हस्तकरघा और खादी उद्योग को बढ़ावा देने जैसे प्रावधान शामिल हैं।

———————————————————————————

राज्य में खसरा—रूबैला रोग के उन्मूलन के लिए आज से एक सौ दस प्रखंडों में विशेष टीकाकरण अभियान की शुरूआत हो रही है। इस वर्ष के अंत तक इन बीमारियों को खत्म करने के लक्ष्य के साथ यह अभियान तीन चरणों में चलाया जायेगा। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि प्रथम चरण का अभियान आज से चौदह फरवरी तक चलेगा। वहीं, दूसरा चरणे का अभियान नौ मार्च से चौदह मार्च और सात अप्रैल से तेरह

अप्रैल तक तीसरे चरण का अभियान चलाया जायेगा। श्री पांडेय ने बताया कि अभियान के दौरान विशेष रूप से ऐसे गांव और टोलों को चिन्हित किया जायेगा जहां नियमित टीकाकरण सत्र आयोजित नही किया जाता है। उन्होंने कहा कि काली खांसी, गलघोटू और खसरे के अधिक प्रकोप वाले गांव मे अनिवार्य रूप से टीकारण सत्र आयोजित किया जायेगा।

———————————————————————

प्रदेश से इस वर्ष हज पर जाने वाले यात्रियों के लिए मेडिकल कैम्प का आयोजन किया जाएगा। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सचिव मोहम्मद सोहेल ने सभी जिलों के सदर अस्पताल में दस से पंद्रह फरवरी के बीच विशेष मेडिकल कैम्प लगाने के निर्देश दिये हैं।

———————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद प्रदेश के सभी माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अब सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन लगाई जाएगी। शिक्षा विभाग ने राज्य के लगभग नौ हजार माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में आठ मार्च से पहले इन मशीनों को लगाने का कार्य पूरा करने का निर्देश दिया है। विभाग के मुख्य सचिव डॉक्टर बी. राजेन्द्र ने बताया कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के सभी स्कूलों में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन लगाई जाएगी।

———————————————————————

प्रदेश के मौसम में पछुआ हवा के प्रभाव से सुबह और शाम में ठंड की स्थिति बनी हुयी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना सहित राज्य के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गयी है। किशनगंज में सबसे कम न्यूनतम तापमान नौ दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस दौरान कई स्थानों पर हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा देखा गया। दरभंगा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में आज सुबह घने कोहरे की स्थिती रही। इससे सड़क और रेल यातायात प्रभावित हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार राज्य के उत्तरी भागों के सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण में अगले चौबीस घंटों के दौरान आंशिक रूप से बादल छाये रहने के साथ हवा की गति तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे रहने का पूर्वानुमान है।

———बाइट———

———————————————————————————

रेलवे ने देश की पहली सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस को और बेहतर बनाने के लिए एक विशेष कदम उठाया है। इसके अंतर्गत मुंगेर के जमालपुर स्थित भारतीय रेलवे यांत्रिक एवं विद्युत इंजीनियरिंग संस्थान– इरिमी और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–आईआईटी संयुक्त रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। इरिमी के महानिदेशक अनिमय सिन्हा ने बताया कि इसके तहत आज से सोलह दिनों का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम पटना के बिहटा स्थित आईआईटी कैम्पस में आयोजित होगा।

———————————————————————————

पटना विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रसंघ चुनाव में स्नातक से लेकर पीएचडी के शोधार्थियों तक को प्रत्याशी बनने का मौका दिया है। इसके लिए प्रत्येक शैक्षणिक स्तर के छात्रों के लिए आयु सीमा निर्धारित की गयी है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा है कि स्नातक स्तर के वे छात्र चुनाव में खड़े हो सकेंगे, जिनकी आयु सत्रह से बाईस वर्ष के बीच होगी। वहीं, स्नात्कोत्तर के छात्रों के लिए अधिकतम आयु सीमा पच्चीस वर्ष निर्धारित की गयी है। जबकि पीएचडी के शोधार्थियों की आयु अट्ठाईस वर्ष से अधिक नहीं होगी। चुनाव के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रोफेसर शंकर कुमार ने बताया कि इस बार चुनाव में सभी उम्मीदवारों को चरित्र प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा।

———————————————————————————

देशभर के मेडिकल कॉलेजों में नामांकन के लिए नीट–यूजी परीक्षा के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि आठ मार्च निर्धारित की गयी है। अभ्यर्थी आवेदन में त्रुटी सुधार के लिए दस से बारह मार्च तक आवेदन कर सकेंगे। नीट–यूजी परीक्षा तीन मई को देशभर के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

———————————————————————————

पटना के गांधी मैदान में आयोजित बागवानी महोत्सव में भागलपुर जिले ने पहला स्थान प्राप्त किया है। वैशाली दूसरे और पूर्णिया तीसरे स्थान पर रहा। कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने महोत्सव के समापन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि सरकार बागवनी को आय वृद्धि, रोजगार और ग्रामीण उद्यमिता का आधार बनाने के लिए उत्पादन से लेकर विपणन तक बेहतर व्यवस्था बनाने का कार्य कर रही है।

महोत्सव में वर्ग छह से नौवीं के बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में दानापुर की रिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

---

पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव की जमानत याचिका पर आज पटना के एमपीएमएलए कोर्ट में सुनवाई होगी। पिछले दिनों इकतीस साल पुराने मामले में पटना स्थित आवास से उन्हें गिरफ्तार किया गया था।

---

अररिया जिले में भारत–नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सिकटी पुलिस और एसएसबी ने संयुक्त कार्रवाई कर पांच सौ बारह किलोग्राम गांजा बरामद किया है।

---

पश्चिम चंपारण जिले के बगहा में धर्म संस्कृति सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में साधु–संत और श्रद्धालु शामिल हुएं।

---

बिहार के युवा स्टार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को अंडर नाइन्टीन विश्वकप की सर्वश्रेष्ठ टीम में जगह मिली है। इस टीम में कनिष्क चौहान और हेनिल पटेल को भी शामिल किया गया है। गौरतलब है कि वैभव ने अंडर नाइन्टीन विश्वकप के फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड के खिलाफ वैभव ने अस्सी गेंद में एक सौ पचहत्तर रन की पारी खेली थी। इसी पारी के आधार पर वे टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने।

---

पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में संपन्न सी.के. नायडू क्रिकेट टूर्नामेंट में खिताब बिहार ने जीता है। प्लेट वर्ग के खिताबी मुकाबले में बिहार ने नगालैंड को एक पारी और एक सौ चौंसठ रनों से पराजित कर दिया। बिहार के नमन गौरव को प्लेयर और द मैच और बिहार के कप्तान सूरज कश्यप को प्लेयर ऑफ द सीरीज घोषित किया गया। इस जीत के साथ बिहार ने कर्नल सी.के. नायडू प्रतियोगिता के एलीट वर्ग में स्थान बना लिया है।

---

केंद्र सरकार ने आयकर नियमों और प्रपत्रों, दो हजार छब्बीस के मसौदे पर जनता और हितधारकों से टिप्पणियाँ आमंत्रित की हैं। टिप्पणियां इस महीने की बाईस तारीख तक आयकर कार्यालय के आधिकारिक पोर्टल पर भेजी जा सकती हैं।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अगल–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मलेशिया दौरे पर। प्रधानमंत्री ने व्यापक राजनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर सहमति जताई।

दैनिक जागरण ने समान नागरिक संहिंता से जुड़ी खबर को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के हवाले से लिखा है – सबकी सहमति से और विश्वास में लेकर तैयार करें यूसीसी।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है – बिहार सरकार के बीस विभागों के चौवालीस अफसर चुनाव कराने दूसरे राज्यों में जायेंगे। अखबार लिखता है – असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडू और पुडुचेरी में होने हैं चुनाव।

प्रभात खबर लिखता है – वैष्णो देवी के भक्तों को बीमा कवर पांच से बढ़कर दस लाख रुपये।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. बिहार विधानसभा में आज वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के बजट पर चर्चा रहेगी जारी। आज सरकार का उत्तर भी होगा।

02. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन आज पटना के बापू सभागार में पार्टी कार्यकर्ताओं को करेंगे संबोधित। कल विधानसभा की कार्यवाही में होंगे शामिल।

03. राज्य में खसरा–रूबैला रोग के उन्मूलन के लिए आज से एक सौ दस प्रखंडों में विशेष टीकाकरण अभियान की हो रही है शुरूआत।

04. और, बिहार के युवा स्टार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी विश्व की सर्वश्रेष्ठ अंडर नाइन्टीन टीम में शामिल।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।